an>

Title: Need to compensate the farmers of Bihar by declaring it as a drought hit state.

श्रीमती वीणा देवी (मुंगेर): महोदया, मैं बिहार राज्य में कम वर्षा के कारण किसानों द्वारा खेती का कार्य नहीं कर पाने की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मोकामा-बड़हिया टाल क्षेत्र के किसान साल में एक ही फसल दलहन का पैदावार कर पाते हैं, इस साल कम वर्षा के कारण बाढ़ का पानी भी नहीं आया जिससे टाल क्षेत्र में दलहन की खेती नहीं हो पाई है क्योंकि इस टाल क्षेत्र में सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है। बिहार राज्य के पटना ग्रामीण, लखीसराय, नालन्दा, जमुई, शेखपुरा, नवादा, गया सहित 7-8 जिला अधिक सुखा प्रभावित हैं। बिहार राज्य के किसान बहुत परेशान और आत्महत्या के कगार पर हैं।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करती हूं कि बिहार राज्य को सुखाड़ घोषित कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।